# HINDI
# हिन्दी
## Paper – II
## प्रश्नपत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**1.** अष्टछाप के कवियों में प्रथम नियुक्त कीर्तनकार कवि कौन थे ?
(A) नन्ददास (B) कृष्णदास
(C) सूरदास (D) कुंभनदास

**2.** जायसीकृत 'पद्मावत' है
(A) पुराणकाव्य (B) धर्मकाव्य
(C) रूपक काव्य (D) चम्पूकाव्य

**3.** 'बसो मेरे नैनन में नन्दलाल'– किसकी पंक्ति है ?
(A) सूरदास (B) नंददास
(C) मीराबाई (D) कृष्णदास

**4.** अमिय हलाहल मदभरे श्वेत स्याम रतनार ।
जियत मरत झुकि झुकि परत जेहि चितवत एक बार ।।
– किसकी पंक्तियाँ हैं ?
(A) बिहारी (B) रसलीन
(C) केशवदास (D) घनानन्द

**5.** 'बरवै रामायण' किसकी रचना है ?
(A) सूरदास (B) तुलसीदास
(C) नंददास (D) केशवदास

**6.** भरतमुनि के रससूत्र में निम्नलिखित में से किसका उल्लेख नहीं है ?
(A) स्थायीभाव (B) विभाव
(C) अनुभाव (D) व्यभिचारी भाव

**7.** 'साधारणीकरण' संकल्पना के उद्‌गाता कौन हैं ?
(A) कुंतक (B) वामन
(C) भट्टनायक (D) अभिनव गुप्त

**8.** शब्द की द्वयर्थी योजना से कौन सा अलंकार होता है ?
(A) अनुप्रास (B) वक्रोक्ति
(C) श्लेष (D) उत्प्रेक्षा

**9.** निम्नलिखित में से कौन द्रविड़ परिवार की भाषा है ?
(A) उड़िया (B) बंगला
(C) असमिया (D) कन्नड़

**10.** किस क्षेत्र की बोली को 'काशिका' कहा गया है ?
(A) बैसवाड़ा (B) आरा-भोजपुर
(C) बनारस (D) मगध

**11.** 'हिंदी प्रदीप' पत्रिका के संपादक कौन हैं ?
(A) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
(B) लाला श्रीनिवासदास
(C) बालकृष्ण भट्ट
(D) राधाचरण गोस्वामी

**12.** 'तोड़ने ही होंगे मठ और गढ़ सब'– किसकी पंक्ति है ?
(A) निराला (B) रघुवीर सहाय
(C) नागार्जुन (D) मुक्तिबोध

**13.** 'आवारा मसीहा' किसकी रचना है ?
(A) विष्णु प्रभाकर
(B) विद्यानिवास मिश्र
(C) हरिवंशराय बच्चन
(D) नरेन्द्र शर्मा

14. पशु-पक्षियों पर लिखित महादेवी वर्मा का रेखाचित्र संकलन है

(A) पथ के साथी

(B) मेरा परिवार

(C) स्मृति की रेखाएँ

(D) अतीत के चलचित्र

15. रामचन्द्र शुक्ल की आलोचनात्मक कृति कौन सी है ?

(A) रससिद्धान्त : स्वरूप विश्लेषण

(B) काव्यमीमांसा

(C) रसमीमांसा

(D) वाङ्मय विमर्श

16. मनोविश्लेषणात्मक शैली के उपन्यासकार हैं

(A) प्रेमचंद

(B) रांगेय राघव

(C) इलाचन्द्र जोशी

(D) वृंदावनलाल वर्मा

17. 'निउनिया' किस उपन्यास का पात्र है ?

(A) अनामदास का पोथा

(B) चारूचन्द्रलेख

(C) पुनर्नवा

(D) बाणभट्ट की आत्मकथा

18. देवनागरी लिपि की उत्पत्ति किससे हुई है ?

(A) खरोष्ठी (B) ब्राह्मी

(C) पैशाची (D) कैथी

19. 'ठेले पर हिमालय' किस विधा की रचना है ?

(A) उपन्यास (B) कहानी

(C) यात्रा-वृत्त (D) निबंध

20. 'वन्दे वाणी विनायकौ' निबंध संकलन के रचयिता कौन हैं ?

(A) विद्यानिवास मिश्र

(B) रामवृक्ष बेनीपुरी

(C) गुलाबराय

(D) प्रतापनारायण मिश्र

21. कालक्रम की दृष्टि से प्रेमचंद के उपन्यासों का सही अनुक्रम कौन सा है ?

(A) सेवासदन, कर्मभूमि, रंगभूमि, गोदान

(B) कर्मभूमि, गोदान, सेवासदन, रंगभूमि

(C) गोदान, कर्मभूमि, रंगभूमि, सेवासदन

(D) रंगभूमि, कर्मभूमि, गोदान, सेवासदन

22. कालखण्ड की दृष्टि से कहानियों का सही अनुक्रम लिखिए :

(A) उसने कहा था, रानी केतकी की कहानी, तिरिछ, शरणागत

(B) रानी केतकी की कहानी, उसने कहा था, शरणागत, तिरिछ

(C) शरणागत, रानी केतकी की कहानी, उसने कहा था, तिरिछ

(D) तिरिछ, उसने कहा था, रानी केतकी की कहानी, शरणागत

23. निम्नलिखित नाटकों का सही अनुक्रम कौन सा है ?

(A) अंधायुग, शारदीया, कोर्ट मार्शल, मादा कैक्टस

(B) शारदीया, अंधायुग, मादा कैक्टस, कोर्ट मार्शल

(C) मादा कैक्टस, कोर्ट मार्शल, शारदीया, अंधायुग

(D) कोर्ट मार्शल, अंधायुग, मादा कैक्टस, शारदीया

**24.** हज़ारीप्रसाद द्विवेदी के आलोचनात्मक ग्रंथों का सही अनुक्रम है

(A) कबीर, हिंदी साहित्य, हिंदी साहित्य की भूमिका, सूर साहित्य

(B) सूर साहित्य, हिंदी साहित्य की भूमिका, कबीर, हिंदी साहित्य

(C) हिंदी साहित्य, कबीर, हिंदी साहित्य की भूमिका, सूर साहित्य

(D) हिंदी साहित्य की भूमिका, सूर साहित्य, हिंदी साहित्य, कबीर

**25.** प्रकाशनकाल के अनुसार रेखाचित्रों का सही अनुक्रम बताइए ।

(A) माटी की मूरतें, अमिट रेखाएँ, अतीत के चलचित्र, कुछ शब्द कुछ रेखाएँ

(B) कुछ शब्द कुछ रेखाएँ, अतीत के चलचित्र, माटी की मूरतें, अमिट रेखाएँ

(C) अतीत के चलचित्र, माटी की मूरतें, अमिट रेखाएँ, कुछ शब्द कुछ रेखाएँ

(D) अतीत के चलचित्र, कुछ शब्द कुछ रेखाएँ, अमिट रेखाएँ, माटी की मूरतें

**26.** रचनाकाल के अनुसार पत्रिकाओं का सही अनुक्रम रेखांकित कीजिए ।

(A) हिंदी प्रदीप, ब्राह्मण, भारतेन्दु, सदादर्श

(B) सदादर्श, हिंदी प्रदीप, ब्राह्मण, भारतेन्दु

(C) भारतेन्दु, ब्राह्मण, हिंदी प्रदीप, सदादर्श

(D) ब्राह्मण, भारतेन्दु, हिंदी प्रदीप, सदादर्श

**27.** निराला की रचनाओं का सही अनुक्रम बताइए ।

(A) अनामिका, परिमल, गीतिका, कुकुरमुत्ता

(B) कुकुरमुत्ता, गीतिका, परिमल, अनामिका

(C) परिमल, गीतिका, कुकुरमुत्ता, अनामिका

(D) गीतिका, कुकुरमुत्ता, अनामिका, परिमल

**28.** 'कामायनी' के सर्गों का सही अनुक्रम है

(A) चिंता, काम, आशा, श्रद्धा

(B) श्रद्धा, आशा, चिंता, काम

(C) चिंता, आशा, श्रद्धा, काम

(D) आशा, काम, श्रद्धा, चिंता

**29.** रचनाकाल के अनुसार लंबी कविताओं का सही अनुक्रम लिखिए ।

(A) असाध्य वीणा, पटकथा, कन्हार, प्रलय की छाया

(B) पटकथा, असाध्य वीणा, प्रलय की छाया, कन्हार

(C) प्रलय की छाया, असाध्य वीणा, पटकथा, कन्हार

(D) कन्हार, असाध्य वीणा, पटकथा, प्रलय की छाया

**30.** आचार्यों और उनके सिद्धान्तों के साथ सुमेलन कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | भट्ट लोल्लट | (i) | अभिव्यक्तिवाद |
| (b) | शंकुक | (ii) | उत्पत्तिवाद |
| (c) | भट्ट नायक | (iii) | अस्तित्ववाद |
| (d) | अभिनव गुप्त | (iv) | अनुमितिवाद |
| | | (v) | मुक्तिवाद |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (B) | (iii) | (iv) | (i) | (v) |
| (C) | (iii) | (i) | (v) | (ii) |
| (D) | (ii) | (iv) | (v) | (i) |

**31.** निम्नलिखित ग्रंथकार और उनके ग्रंथों का सुमेलन कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | इलियट | (i) | पेरिइप्सुस |
| (b) | वर्ड्सवर्थ | (ii) | पेरिपोइतिकेस |
| (c) | लोंगिनुस | (iii) | लिरिकल बैलड्स |
| (d) | अरस्तू | (iv) | रिपब्लिक |
| | | (v) | दि वेस्ट लैंड |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (v) | (iii) | (i) | (ii) |
| (C) | (iii) | (iv) | (i) | (v) |
| (D) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

**32.** निम्नलिखित रचनाकारों के साथ उनकी रचनाओं का सुमेलन कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | अज्ञेय | (i) | विकल्पहीन नहीं है दुनिया |
| (b) | किशन पटनायक | (ii) | स्त्रीत्व का मानचित्र |
| (c) | केदारनाथ सिंह | (iii) | शब्द और मनुष्य |
| (d) | अनामिका | (iv) | संवत्सर |
| | | (v) | कब्रस्तान में पंचायत |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (i) | (v) | (ii) |
| (B) | (i) | (iii) | (v) | (ii) |
| (C) | (ii) | (v) | (iv) | (iii) |
| (D) | (i) | (v) | (iii) | (ii) |

**33.** कवियों को उनकी कृतियों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | केदारनाथ सिंह | (i) | अग्निलीक |
| (b) | ज्ञानेन्द्र पति | (ii) | आत्मजयी |
| (c) | भारतभूषण अग्रवाल | (iii) | निर्वाचित कविताएँ |
| (d) | कुँवर नारायण | (iv) | अकाल में सारस |
| | | (v) | संशयात्मा |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (v) | (i) | (ii) |
| (B) | (ii) | (iii) | (v) | (iv) |
| (C) | (iii) | (i) | (iv) | (v) |
| (D) | (v) | (iv) | (i) | (ii) |

**34.** संपादकों को उनकी पत्रिकाओं के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | अखिलेश | (i) | पूर्वग्रह |
| (b) | नमिता सिंह | (ii) | वर्तमान साहित्य |
| (c) | राजेन्द्रकुमार | (iii) | तद्भव |
| (d) | प्रभाकर श्रोत्रिय | (iv) | बहुवचन |
| | | (v) | समयान्तर |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (B) | (ii) | (iii) | (i) | (v) |
| (C) | (v) | (i) | (iv) | (ii) |
| (D) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |

**35.** कहानी और कहानीकारों का सुमेलन कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | सद्गति | (i) | प्रसाद |
| (b) | बिसाती | (ii) | जैनेन्द्र |
| (c) | दो बाँके | (iii) | प्रेमचंद |
| (d) | पाज़ेब | (iv) | चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी' |
| | | (v) | भगवतीचरण वर्मा |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (v) | (ii) | (iii) |
| (C) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) |
| (D) | (iii) | (i) | (v) | (ii) |

**36.** पंक्तियों के साथ कवियों का सुमेलन कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | सेस महेस गनेस दिनेस | (i) | सूरदास |
| (b) | मन लेत पै देत छटाँक नहीं | (ii) | तुलसीदास |
| (c) | जैसे उड़ि जहाज़ को पंछी | (iii) | घनानंद |
| (d) | गिरा अनयन नयन बिनु बानी | (iv) | रसखान |
| | | (v) | केशवदास |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (v) | (iii) |
| (B) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (C) | (iv) | (v) | (ii) | (i) |
| (D) | (iii) | (iv) | (i) | (v) |

37. रचना के साथ उसकी विधा को सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | शब्द और मनुष्य | (i) | नाटक |
| (b) | काशी का अस्सी | (ii) | यात्रा-वर्णन |
| (c) | इला | (iii) | उपन्यास |
| (d) | पैरों में पंख बाँधकर | (iv) | आलोचना |
| | | (v) | निबंध |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iv) | (v) |
| (B) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (C) | (ii) | (ii) | (v) | (iv) |
| (D) | (v) | (iv) | (ii) | (iii) |

38. उपन्यासों का उनके पात्रों के साथ सुमेलन कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | रंगभूमि | (i) | मृणाल |
| (b) | झूठा-सच | (ii) | नीलिमा |
| (c) | त्यागपत्र | (iii) | योके |
| (d) | अंधेरे बंद कमरे | (iv) | तारा |
| | | (v) | सोफिया |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (iv) | (v) |
| (B) | (iv) | (ii) | (v) | (iii) |
| (C) | (v) | (iv) | (i) | (ii) |
| (D) | (iii) | (v) | (ii) | (iv) |

39. पात्रों को उनके नाटकों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | देवसेना | (i) | कोणार्क |
| (b) | विशु | (ii) | आधे अधूरे |
| (c) | गांधारी | (iii) | स्कंदगुप्त |
| (d) | सावित्री | (iv) | रातरानी |
| | | (v) | अंधायुग |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (i) | (v) | (ii) |
| (B) | (v) | (ii) | (i) | (iii) |
| (C) | (ii) | (v) | (iii) | (iv) |
| (D) | (i) | (iv) | (v) | (ii) |

40. **स्थापना (Assertion) (A) :** सही शब्द वे ही हैं, जो उनके बीच के अंतराल का सबसे अधिक उपयोग करें ।

**तर्क (Reason) (R) :** अन्तराल के उस मौन द्वारा भी अर्थवत्ता का पूरा ऐश्वर्य सम्प्रेषित कर सके ।

(A) (A) सही (R) गलत
(B) (A) सही (R) सही
(C) (A) गलत (R) सही
(D) (A) गलत (R) गलत

41. **स्थापना (Assertion) (A) :** भरतमुनि ने अद्‌भुत को दिव्य तथा आनन्दज बताया है ।

**तर्क (Reason) (R) :** उनकी दृष्टि अलंकारों तक गई थी ।

(A) (A) सही (R) गलत
(B) (A) गलत (R) गलत
(C) (A) सही (R) सही
(D) (A) गलत (R) सही

42. **स्थापना (Assertion) (A) :** गुण मुख्य रूप से रस के धर्म हैं ।

**तर्क (Reason) (R) :** इन्हें गौण रूप से शब्दार्थ के भी धर्म नहीं माना जाता है ।

(A) (A) गलत (R) गलत
(B) (A) सही (R) गलत
(C) (A) सही (R) सही
(D) (A) गलत (R) सही

43. **स्थापना (Assertion) (A) :** कवियों और दार्शनिकों की दृष्टि में विश्व भावमय है ।

**तर्क (Reason) (R) :** इसी कारण जीवन की ठोस वास्तविकताओं से पलायन की वृत्ति पनपी है ।

(A) (A) सही (R) सही
(B) (A) गलत (R) गलत
(C) (A) सही (R) गलत
(D) (A) गलत (R) सही

